**भारत सरकार**

**विद्‌युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-5363**

**जिसका उत्तर 25 जुलाई, 2019 को दिया जाना है ।**

**विद्‌युत वाहनों की आपूर्ति**

**5363. श्रीमती लॉकेट चटर्जीः**

क्या **विद्‌युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार विभिन्न सरकारी विभागों हेतु 10,000 विद्‌युत वाहनों की आपूर्ति/पट्टे पर देने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस हेतु तय समय-सीमा क्या है;

(ग) क्या निर्धारित समय-सीमा आगे भी बढ़ाई गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या मई, 2019 तक पट्टे पर दिए गए विद्‌युत वाहनों ने माइलेज के मामले में मानक से कम प्रदर्शन किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**विद्‌युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा कौशल विकास एवं उद्‌यमशीलता राज्य मंत्री**

**(श्री आर. के. सिंह)**

**(क) से (ग) :** विद्‌युत मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) की एक संयुक्त उद्‌यम कम्पनी इनर्जी एफिशिंएसी सर्विसेज लिमिटेड (ईईएसएल) ने 7 मार्च, 2018 को शुरू किए गए नेशनल ई-मोबिलिटी प्रोग्राम के अन्तर्गत 10,000 ई-कार खरीदने की कारर्वाई पूरी की है। ये ई-कार पट्टे/एकमुश्त खरीद आधार पर सरकारी विभागों को उनके द्‌वारा पट्टे पर लिए गए पैट्रोल और डीजल वाहनों के मौजूदा बेडे को प्रतिस्थापित करने के लिए उपलब्ध कराई जाती है।

आज की तारीख तक इन ई-कारों को चार्ज करने के लिए उनके परिसरों में 295 एसी तथा 161 डीसी कैप्टिव चार्जर चालू करने सहित ईईएसएल द्वारा सम्पूर्ण भारत में विभिन्न सरकारी विभागों के लिए 652 ई-कार उपलब्ध कराई गई हैं। उपलब्ध कराई गई ई-कारों और चालू किए गए चार्जरों की राज्य-वार सूची **अनुबंध** में दी गई है।

13 अक्तूबर, 2017 (400 ई-कारों के लिए) तथा 28 फरवरी, 2018 (9,600 ई-कारों के लिए) को जारी अवार्ड-पत्र (एलओए) के अनुसार ई-कारों की आपूर्ति क्रमशः 30 नवम्बर, 2017 तथा 31 जनवरी, 2019 तक की जानी थी। तथापि ई-कारों की मांग लगाए गए अनुमान से कम रही है। इसलिए आपूर्ति की तारीख बढ़ाकर 31 जनवरी, 2020 कर दी गई है।

**(घ) और (ङ) :** ईईएसएल द्‌वारा पट्टे पर दिए गए सभी ईवी पिछले अठारह माह से चल रहे हैं और सरकारी विभागों द्‌वारा इनका उपयोग किया जा रहा है। उपलब्ध कराई गई ईवी का कार्यनिष्पादन तथा माइलेज एलओए में उल्लिखित विनिदिर्ष्टियों के अनुसार है।

********

**<u>अनुबंध</u>**

**लोक सभा में दिनांक 25.07.2019 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5363 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

**************

**ईईएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई ई-कार और चालू किए गए चार्जरों की राज्य/संघराज्य क्षेत्र-वार सूचीः**

| क्रम सं. | राज्य/संघराज्य क्षेत्र | उपलब्ध कराई गई ई-कार | संस्थापित एसी चार्जर | संस्थापित डीसी चार्जर |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अंडमान और निकोबार द्वीप | 20 | 8 | 4 |
| 2. | आंध्र प्रदेश | 280 | 20 | 28 |
| 3. | दिल्ली | 256 | 203 | 102 |
| 4. | गुजरात | 10 | 10 | 2 |
| 5. | हरियाणा | 14 | 6 | 2 |
| 6. | झारखंड | 36 | 15 | 7 |
| 7. | मध्य प्रदेश | 22 | 21 | 11 |
| 8. | महाराष्ट्र | 5 | 2 | 2 |
| 9. | तेलंगाना | - | 8 | 2 |
| 10. | उत्तर प्रदेश | 9 | 2 | 1 |
| **कुल** | | **652** | **295** | **161** |

**************